# प्रतिवेदन

# द्वारका संकुल स्तरीय निपुण भारत बैठक

# दिनांक: ९ सितम्बर २०२६

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सेक्टर - 5 द्वारका में संकुल स्तरीय निपुण भारत बैठक का आयोजन किया गया। 9 सितंबर 2026 को आयोजित इस संकुल स्तरीय सभा में द्वारका संकुल के सभी विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में केवि एसपीजी द्वारका, पीएम श्री केवि सेक्टर 12 द्वारका, पीएम श्री केवि जनकपुरी, पीएम श्री केवि वसंत कुंज, पीएम श्री केवि ए एफ एस रजोकरी, पीएम श्री केवि झडौदा कलां एवं पीएम श्री केवि बीएसएफ छावला के प्राचार्यों के साथ-साथ उनके मुख्य अध्यापकों और वरिष्ठ प्राथमिक शिक्षकों ने भाग लिया।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक कक्षाओं में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता के लक्ष्यों के क्रियान्वन को मजबूत करना एवं विद्यालयों में इन लक्ष्यों की पूर्ति हेतु किए जा रहे प्रयासों एवं नवाचारों को साझा करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत द्वारका संकुल के वरिष्ठतम प्राचार्य श्री सतीश कुमार जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा उसके बाद सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुई। सभी प्रतिभागियों का गर्म जोशी से स्वागत किया गया। मेज़बान विद्यालय के प्राचार्य श्री कर्मवीर सिंह जी ने उपस्थित समूह को संबोधित किया तथा निपुण भारत मिशन के तहत तय किए गए कक्षा वार लक्ष्यों को प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया। बैठक के मुख्य प्रयोजन निपुण भारत के लक्ष्यों की प्राप्ति पर चर्चा करते हुए प्रत्येक विद्यालय ने अपने विद्यालय में हो रही शैक्षणिक गतिविधियों एवं नवाचारों को साझा किया।

सर्वप्रथम पीएम श्री केवि जेएनयू NMR की मुख्य अध्यापिका श्रीमती कविता बिष्ट जी, जो इस बैठक की मुख्य संसाधक के रूप में उपस्थित थीं, ने विस्तार पूर्वक “Assessment and Evaluation for Foundational stage on SAMAGAM Portal” विषय पर चर्चा की। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों ने समागम पोर्टल से संबंधित अपनी शंकाओं एवं प्रश्नों पर खुलकर चर्चा की तथा विभिन्न समाधान प्राप्त किए। तत्पश्चात संसाधक महोदया ने अगले विषय

Designing Blue print of Question paper (Preparatory Stage) as per NCF-SF 2022 पर चर्चा की एवं अनेक नए बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया।

इसी क्रम में पीएम श्री केवि बीएसएफ छावला ने Competency Based Assessment (Foundational and Preparatory stage) पर प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के अनुसार संशोधित योग्यता आधारित उद्देश्यों के साथ पाठ योजनाओं को संरेखित करने पर चर्चा की गई।

यह एक अत्यंत समृद्ध एवं सफल बैठक रही क्योंकि पारस्परिक अनुभवों को साझा करने से हमें न केवल अनेक समस्याओं के समाधान मिले अपितु नए नवाचार एवं शिक्षण विधियों से भी अवगत होने का अवसर प्राप्त हुआ। इसी प्रकार संकुल के सभी विद्यालयों ने अपने-अपने विद्यालयों में FLN संबंधित श्रेष्ठतम कार्य पद्धतियों को साझा किया।

सभी प्रतिभागियों के अथक प्रयासों एवं जोशपूर्ण प्रस्तुति के कारण यह निपुण भारत बैठक एक अत्यंत सफल बैठक के रूप में संपन्न हुई। कार्यक्रम का समापन संकुल के सभी विद्यालयों के प्राचार्यों को प्रेरणादायक मार्गदर्शन के लिए हार्दिक आभार तथा मेज़बान प्रधानाचार्य को इस रचनात्मक एवं सुव्यवस्थित सत्र के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हुआ|












स्वागतम
RMATION
RNER
IDYALAYA
DWARKA
LHI-75


स्वागतम
बैठक
RMATION
DYALAYA
WARKA
I-75


I WORK WITH POSITIVE THOUGHTS TOWARDS THE BEAUTIFUL GOAL.
THE BEAUTIFUL THING ABOUT LEARNING IS, NOBODY CAN STEAL IT FROM YOU.
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सेक्टर-5 द्वारका, नई दिल्ली-75
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA SECTOR-5, DWARKA, NEW DELHI-75
संकुल स्तरीय निपुण भारत बैठक
CLUSTER LEVEL NIPUN BHARAT MEETING
संकुल (04) द्वारका


निपुण भारत
रका संकुल स्तरीय बैठक
2026 - 2027
राजभाषा माह
RNER


इससे पहले कि सपने सच हों, आपको सपने देखने होंगे
How Do We Make Learning More Joyful?
निपुण भारत
2026
PM SHRI
KENDRIYA VIDYALAYA
SECTOR-5, DWARKA
NEW DELHI-75


Foundational Numeracy
Developing number sense
Understanding shapes and spatial relations
Measurement
KENDRI
SECTO